पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 06 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 18.07.2024

दिनांक 17/18.07.2024 को थाना बंथरा 01, सरोजनीनगर 05 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 06 अभियुक्त गिरफ्तार।

बीएनएस / भादवि

थाना महानगर-दिनांक 18.07.2024 को थाना महानगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री अजय कुमार अवस्थी पुत्र स्व० श्री श्याम मनोहर अवस्थी निवासी-सी6के रोड के पार्क हार्नर कालेज के सामने थाना महानगर लखनऊ ने थाना महानगर पर सूचना दिया कि वादी अपनी धर्मपत्नी के साथ अपनी छोटी बेटी के घर कलकत्ता दिनांक 05.07.2024 को गया हुआ था। दिनांक 13.07.2024 को सुबह पडोसी द्वारा जरिये मोबाइल फोन वादी को अवगत कराया गया कि वादी के उक्त घर से सब ताले टूटे हुये हैं तथा दरवाजे खुले है। इस सूचना पर वादी तुरंत शाम कि हवाई जहाज से लखनऊ अपने उक्त घर पर वापस आया तथा तुरन्त पुलिस को 112 नं0 पर फोन किया। वादी पुलिस कर्मियो के साथ समय करीब 10.00 बजे रात्रि को अपने उक्त घर के अन्दर गया तो देखा कि पूरा घर के तालो टूटे हुये हैं तथा पूरा घर अव्यस्थित है। अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर के ताले तोडकर घर में रखे सोने चांदी के कीमती जेवरात 10 हजार रूपये नगद व अन्य सामान को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना महानगर पर मु0अ0सं0 167/2024 धारा 305 (ए)/331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना मदेयगंज-दिनांक 18.07.2024 को थाना मदयेगंज द्वारा बताया गया कि श्री दिलीप कुमार पाण्डये पुत्र स्व0 छेदीलाल पाण्डेय निवासी-538ख/529 शिवनगर खदरा थाना मदेयगंज लखनऊ ने थाना मदेयगंज पर सूचना दिया कि आज दिनांक 18.07.2024 को उसके पुत्र शिवा पाण्डेय उम्र करीब 19 वर्ष ने उनके लाइसेन्सी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना दे रहा हूं। **इस सूचना पर म0एस0आई0 सकीना खान मो0न0 8565817178 थाना मदेयगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि उक्त घटना देर रात्रि की है। शव का पंचायनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। मृतक शिवा पाण्डेय उपरोक्त 12वीं की परीक्षा पास कर बीबीए की पढ़ाई करने वाला था। मृतक के पिता दिलीप कुमार पाण्डेय उपरोक्त लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं।

थाना सुशान्त गोल्फ सिटी-दिनांक 18.07.2024 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी द्वारा बताया गया श्रीमती सुनीता पत्नी स्व0 राजकुमार निवासी-कमलापुर थाना विसवां जनपद सीतापुर, हालपता-रमेश कुमार यादव पुत्र स्व0 गुरू प्रसाद यादव का किराये का मकान देवामऊ थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ ने थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पर सूचना दिया कि आज दिनांक 18.07.2024 को सुबह में मकान मालिक द्वारा सूचना मिली कि उसकी बहु आरती उम्र करीब 25 वर्ष पत्नी मनीष गुप्ता उर्फ सूरज गुप्ता ने अपने उक्त किराये के मकान में छत में लगे पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की करीब 02 वर्ष पूर्व शादी हुयी थी। मृतका के 01 पुत्र है। मृतका के पति की सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में कबाड़ की दुकान है।